विक्रम पंचांग

विक्रमादित्य

“ उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य अपने आकर्षक और प्रभावशाली व्यक्तित्व और स्वीकार्य कृतित्व के कारण सतत लोकप्रिय तथा भारतीय अस्मिता के उज्ज्वल प्रतीक रहे। वे शकारि तथा साहसांक थे। वे शक विजेता, सम्वत् प्रवर्तक, वीर, दानी, न्यायप्रिय, प्रजावत्सल, स्तत्व सम्पन्न थे। वे साहित्य, संस्कृति तथा विज्ञान के उत्प्रेरक रहे। उनकी सभा कालिदास, वराहमिहिर, वेतालभट्ट, अमरसिंह, घटखर्पर, धन्वन्तरि, वररुचि, शंकु, क्षपणक आदि नवरत्नों से उज्ज्वल थी। अपने गुणगौरव के कारण उनका नाम परवर्ती अनेक राजाओं की उपाधि बनता रहा। भारत के इतिहास में रामराज्य के बाद विक्रमादित्य के सुशासन का ही स्मरण किया जाता रहा। भारतीय सांस्कृतिक प्रभामंडल का वे आदर्श प्रतीक और लोकमान्य हैं। ”

विक्रम सम्वत्

सम्वत्सर, सम्वत् आदि वर्ष गणना के बोधक शब्द हैं। वर्ष गणना कालगणना का सुगम माध्यम है। गतिशील समय की गणना जनसुविधा के लिए की जाती है।

भर्तृहरि के अनुसार दिक् और काल अनन्त है, पूर्ण है। उस पूर्ण में से लोकसुविधा के लिए गणनाक्रम तैयार किये गये। सूर्योदय से सूर्योदय के एक अहोरात्र का एक दिन सुगम सुलभ उपाय है। विपल, पल, घटी, मुहूर्त, अहोरात्र, सप्ताह, पक्ष, मास, ऋतु, अयन (उत्तरायण-दक्षिणायन), वर्ष। फिर शताब्द, सहस्राब्द, युग, मन्वन्तर, कल्प इत्यादि कालगणना के माप हैं। उस अनन्तकाल में से अपेक्षित समय की गणना के माप के विभिन्न मानदंड अपनाये जाते रहे। वे वर्षगणना रूप में विख्यात हैं। इनका आधार स्थिर नक्षत्रों पर गतिशील ग्रहों की राशिगत गतिगणना है। चन्द्र, सूर्य, बृहस्पति आदि अनुसार गणना आज भी प्रचलित है। तद्नुसार चान्द्र वर्ष, बार्हस्पत्य वर्ष, सौर वर्ष आदि होते हैं। उनमें से सूर्य आधारित गणना बहुमान्य है। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा प्रायः 365 दिन 6 घंटे में करती है। अतः वह एक वर्ष की अवधि का समय है। भारतीय परंपरा में 360 दिन के अंशों में वह अवधि समाहित हो जाती है। चन्द्र गणना में 354 दिन का वर्ष होता है।

कालबोधक सम्वत् युग के नाम से, व्यक्ति के नाम से वंश के नाम से प्रचलित होते रहे। पुराणों तथा ज्योतिष परंपरा में कलियुग के आरंभ के सूचक कलिसम्वत् की गणना प्राप्त होती है। युधिष्ठिर सम्वत् नाम भी पाया जाता है। कलिसम्वत् 3044 में विक्रम सम्वत् का आरंभ हुआ। यह ईसा से 57 वर्ष पूर्व का समय है। विक्रमादित्य या विक्रम सम्वत् को शकारि, मालव अथवा साहसांक सम्वत् भी कहा जाता है।

विक्रम सम्वत् नाम उज्जयिनी के सुप्रसिद्ध लोकप्रिय राजा विक्रमादित्य के नाम से प्रसिद्ध है। दुर्जेय विदेशी शकों पर विक्रमादित्य ने अपूर्व विजय प्राप्त की थी। अतः उस विजय की स्मृति में जिस सम्वत् का आरंभ किया गया उसे ही विक्रम सम्वत् नाम से पुकारा जाता है। शकविजय के कारण विक्रमादित्य को शकारि भी कहते हैं। प्राचीन काल में इसे कृत या मालव सम्वत् भी कहते थे। सिक्कों तथा मुद्राओं पर उज्जयिनी के विक्रम राजा का एक नाम कृत भी अंकित है। शिलालेखों में कृत सम्वत् के उल्लेख पाये जाते हैं। एक शिलालेख में कृत सम्वत् को मालवगण स्थापना से भी जोड़ा गया है। गणनानुसार कृत सम्वत् या मालव सम्वत् विक्रम सम्वत् के अनुरूप है।

उज्जैन के निकट चकरावदा ग्राम में शिव जलाधारी पर विक्रम सम्वत् आठ अंकित है। अतः आरंभ से ही इस सम्वत् को विक्रम सम्वत् नाम से पुकारा जाता था और वैसा ही विक्रम सम्वत् नाम प्रयुक्त होने लगा था। उस नाम का प्रचुर प्रयोग प्राचीन पुस्तकों, शिलालेखों, सिक्कों पर होता रहा। शकारि सम्वत् या साहसांक सम्वत् भी विक्रम सम्वत् के बोधक हैं। केवल सम्वत् शब्द भी विक्रम सम्वत् का बोधक होता आ रहा है।

विक्रम सम्वत् का आरंभ उत्तर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से और दक्षिण भारत में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से गिना जाता है। विक्रम सम्वत् भारतीय पारंपरिक गणना में बहुमान्य है। भारत, नेपाल, मारीशस आदि देशों की जनता की दैनिक गतिविधि में यह सम्वत् सुप्रचलित है।

यह लोकमान्य सम्वत् भारत की विदेशी शकों पर अप्रतिम विजय का स्मरण होने से भारत के आत्मगौरव तथा भारतीय अस्मिता का बोधक प्रतीक है।

विक्रम पंचांग

परामर्श - उषा ठाकुर मंत्री संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव, मंत्री उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सम्पादक - श्रीराम तिवारी
सहयोग - पं. चंदन श्यामनारायण व्यास
राजेश्वर त्रिवेदी
चित्रांकन - लक्ष्मीनारायण भावसार (भोपाल), मानस जेना (भुवनेश्वर), दीप्तिश घोष दस्तीदार (कोलकाता), जान डगलस (मुंबई), मनोज साकले (मुंबई), रामचन्द्र खरतमल (पुणे), निखिल खत्री (सीहोर), सुनील विश्वकर्मा (वाराणसी), हरिकांत दुबे (भोपाल), विनय सप्रे (भोपाल)

स्वत्वाधिकार - प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण - विक्रम सम्वत् 2079
ईस्वी 2022

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग
मध्यप्रदेश शासन का प्रकाशन

मूल्य - 50 रूपये

विक्रम पंचांग

विविध सम्वत्सर

देश में चर्चित, प्रचलित और अब विस्मृत हो चले विविध सम्वत्सर विक्रम सम्वत् की शुरुआत लगभग ईसा पूर्व 57 वर्ष पहले चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से की गयी थी। ईस्वी सन् और विक्रम सम्वत् में 57 वर्षों का अंतर है। इस हिसाब से ईस्वी सन् 2022 में विक्रम सम्वत् 2079 चल रहा है। वैसे भारत में 36 तरह के प्राचीन कैलेंडर वर्ष की चर्चा की जाती रही है। हालाँकि, इनमें से अधिकांश अब प्रचलन से बाहर हैं। दुनियाभर में कई देशों के जो अपने कैलेंडर हैं उनमें नये वर्ष की शुरुआत जनवरी से अप्रैल के मध्य होती है। हमारे यहाँ फिलहाल विक्रम सम्वत्, ईस्वी सन्, हिजरी सन् आदि प्रचलित हैं।

विक्रम सम्वत् अत्यंत प्राचीन सम्वत् है। भारत के सांस्कृतिक इतिहास की दृष्टि से सर्वाधिक लोकप्रिय लोकमान्य राष्ट्रीय सम्वत् विक्रम सम्वत् ही है।

1. सप्तर्षि सम्वत्
सात तारों की गति के साथ इसका सम्बन्ध माना जाता है।

2. कृष्ण सम्वत् (3179 वि.पू., 3236 ई.पू.)

3. कलियुग सम्वत् (3045 वि.पू., 3102 ई.पू.)
इसका प्रयोग धार्मिक तिथियों के लिए इस्तेमाल वर्षों पूर्व किया गया था।

4. युधिष्ठिर सम्वत् (2391 वि.पू., 2448 ई.पू.)

5. बुद्ध निर्वाण सम्वत् (430 वि.पू., 487 ई.पू.)
गौतम बुद्ध के निर्वाण वर्ष से इस सम्वत् का आरंभ हुआ था।

6.वीर निर्वाण सम्वत् (370 वि.पू., 527 ई.पू.)
अंतिम जैन तीर्थंकर महावीर के निर्वाण वर्ष विक्रम सम्वत् में 470 एवं ई.पू. 527 से इसका आरंभ माना जाता है।

7. मौर्य सम्वत् (263 वि.पू., 320 ई.पू.)
चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य की सहायता से मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी। इसके साथ ही उसने मौर्य सम्वत् को आरंभ किया था।

8.सेल्यूसिडियन सम्वत् (255 वि.पू., 312 ई.पू.)
सिकंदर के सेनापति सेल्यूकस ने जब पश्चिमी एशिया का साम्राज्य प्राप्त किया तब अपने नाम का सम्वत् चलाया था।

9. लौकिक सम्वत् (32 विक्रम सम्वत्, 25 ई.पू.)

10. विक्रम सम्वत् (57 ई.पू.)
इसकी शुरुआत उज्जैन के लोकप्रिय सम्राट विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में की थी। इसको मालव सम्वत् भी कहते हैं। मालवराज विक्रमादित्य ने शकों को परास्त कर अपने नाम का सम्वत् चलाया, यह चैत्र शुक्ल 1 से आरंभ होता है।

11. ईस्वी सन्
ईसा मसीह के जन्म वर्ष से इस का आरंभ माना जाता है। ई.स. 527 को रोम निवासी पादरी डायोनिसियस ने गणना कर रोम नगर की स्थापना से 795 वर्ष बाद ईसा मसीह का जन्म होना निश्चित किया था। 1000 ईस्वी तक जाकर यूरोप सहित विश्व के अनेक देशों में इसका प्रचलन शुरू हुआ।

12. शक सम्वत् (135 विक्रम सम्वत्, 78 ई.)
इसकी शुरुआत शकों द्वारा विक्रमादित्य के शासन के 137 वर्ष बाद उज्जैन पर पुनः विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में की गयी थी।

13. कलचुरि सम्वत् (305 विक्रम सम्वत्, 248 ई.)
इसको चेदि सम्वत् और त्रैकुटक सम्वत् भी कहते हैं। इसको त्रैकुटक नामक एक राजवंश द्वारा आरंभ किया गया था।

14. गुप्त सम्वत् (377 विक्रम सम्वत्, 320 ई.)
इसकी शुरुआत चन्द्रगुप्त प्रथम ने की थी। इसको गुप्त काल या गुप्त वर्ष भी कहा जाता है।

15. शाहूर सन् तुगलक द्वारा चलाया गए यह सन् हिजरी सन् का संशोधित रूप है। चंद्र मास के बदले सौर मास के अनुसार माना गया है। इसमें 650 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है। मराठी पंचांग में यह अभी भी मिलता है।

16. बंगाल सन्
इसे 'बंगाब्द' भी कहते हैं। इसका आरंभ वैशाख से होता है। इसमें 651 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है। बंगाल के अनेक भागों में कभी यह व्यापक रूप से प्रचलित था।

17. गांगेय सम्वत्
यह सम्वत् कलिंगनगर (तमिलनाडु) के गंगा वंशी राजा द्वारा चलाया हुआ सम्वत् माना जाता है। दक्षिण भारत में अनेक स्थानों पर इसका उल्लेख मिलता है। 633 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

18. हर्ष सम्वत् (663 विक्रम सम्वत्, 606 ई.)
इसकी शुरुआत कन्नौज के शासक हर्षवर्धन ने की थी और हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद एक सदी तक यह उत्तर भारत में चलन में था।

19. हिजरी सन्
इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से (679 विक्रम सम्वत्) 622 ईस्वी सन् से इसका आरंभ माना जाता है। यह चंद्र वर्ष है, चाँद देखकर इसका आरंभ किया जाता है। इसकी तारीख एक शाम से दूसरी शाम तक चलती है।

20. भट्टिक सम्वत्
यह सम्वत् जैसलमेर के राजा भट्टीक (भाटी) द्वारा शुरू किया गया था। इसमें 680 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

विक्रम
पंचांग

विविध सम्वत्सर

21. कोल्लम सम्वत्
केरल मालाबार के लोग इसे परशुराम सम्वत् भी कहते हैं। तमिल में इसे कोल्लम और संस्कृत में कोलंब सम्वत् कहा गया है। 881 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है।

22. नेवार (नेपाल) सम्वत्
नेपाल के राजा जयदेव मल्ली ने इस सम्वत् को आरंभ किया था। इसमें 936 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है।

23. यहूदी सन्
इजराइल और विश्वम के यहूदी इसका प्रयोग करते है।

24. फसली सन्
अकबर ने टोडरमल के परामर्श से लगान वसूली के लिए हिजरी सन् 971 (1506 विक्रम सम्वत्) में चलाया था। यह भी हिजरी सन् का संशोधित रूप ही था। क्योंकि इसके महीने सौर मास के अनुसार चलते थे।

25. इलाही सन्
अकबर ने बीरबल के सहयोग दीन-ए-इलाही के साथ इस सन् को हिजरी सन् 992 (विक्रम सम्वत् 1527 एवं 1584 ई.) में चलाया। इसमें 1 महीना 32 दिनों का होता था। बाद में शाहजहाँ ने इसे समाप्त कर दिया।

26. चालुक्य विक्रम सम्वत्
दक्षिण के चालुक्य राजा विक्रमादित्य (छठे) ने शक सम्वत् के स्थान पर चालुक्य विक्रम सम्वत् चलाया। इसको चालुक्य 'विक्रम का काल' वह 'विक्रम वर्ष' भी कहा जाता है। इसमें 1132 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है।

27. सिंह सम्वत्
इस सम्वत् की शुरुआत काठियावाड़ के गोहिल शासकों ने की थी। इस सम्वत् को शिवसिंह सम्वत् के नाम से भी जाना जाता था। इसमें 1170 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

28. लक्ष्मणसेन सम्वत्
बंगाल के सेनवंशी राजा लक्ष्मण सेन के राज्याभिषेक से इसका आरंभ हुआ। इसका प्रचलन बंगाल बिहार और उड़ीसा में था। इसमें 1175 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

29. पुडेचैप्पू सम्वत्
यह से (1398 विक्रम सम्वत्) 1341 में केरल के कोच्चि के पास एक टापू की स्मृति में चलाया गया था। इसका प्रचलन कोचीन राज्य के आसपास तक ही रहा।

30. राज्याभिषेक सम्वत् (विक्रम सम्वत् 1731, ईस्वी 1674)
ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ था, जिसे आनंदनाम सम्वत् का नाम दिया गया। महाराष्ट्र में रायगढ़ किले में एक भव्य समारोह में शिवाजी पूर्णरूप से छत्रपति अर्थात् एक प्रखर हिन्दू सम्राट के रूप में स्थापित हुए।

विक्रम पचांग
Dr. Jagdish Gupta

विक्रम पंचांग

विक्रम पंचांग के प्रकाशन व 'नव सम्वत्सर' के इस अभूतपूर्व अवसर पर भारतीय प्राचीन विज्ञान ऋषियों की गौरवशाली परंपरा को जानने के इस प्रयास में हम पाते हैं कि पश्चिम सहित पूरी दुनिया आज तक जिन वैज्ञानिक अन्वेषणों व आविष्कारों को अपने द्वारा अन्वेषित करने का दावा करती रही है, वह दरअसल सदियों पहले प्राचीन भारतीय ऋषि-मुनियों के तप का अन्वेषण है। यह वही ज्ञान परंपरा है जिसने कालांतर में आधुनिक विज्ञान के लिए नयी राह प्रशस्त की। पश्चिम परस्त आधुनिक इतिहासकारों ने हमेशा ही इसको प्रश्नांकित किया तथा इसके अस्तित्व को नकारा, आधुनिक इतिहासकार विशेष रूप से वे वैदिक युग को चिन्हित करने में लगभग असफल रहे हैं। भौतिक, रसायन, वनस्पति, चिकित्सा, गणित, खगोल, ज्योतिष, ऊर्जा, संचार, दर्शन व योग सहित अनेक अनेक क्षेत्रों में वैदिक युगीन ऋषियों ने जो अन्वेषित किया था उसको दुनिया के आधुनिक विज्ञान समाज ने आज स्वीकार करना आरंभ किया है।

विश्व की सबसे प्राचीन भारतीय सनातन परंपरा को जिन ऋषि, महर्षि, आचार्य व असंख्य मेधावान महापुरुषों ने अपनी साधना, तप, ध्यान व उससे अर्जित ज्ञान से पल्लवित किया वह अद्वितीय है। सनातन की यह शाश्वत परंपरा जिसका न कोई आदि है और न अन्त तथा इसमें शामिल ज्ञान की अविचल धारा ने उत्तरोत्तर संपूर्ण विश्व को नयी दिशाएँ प्रदान की हैं। जैसा कि विदित है ज्ञान को भारत में प्राचीन समय से ही सर्वाधिक महत्व प्रदान किया गया है, प्राचीन काल से लेकर आज के आधुनिक समय तक ऐसे असंख्य क्षेत्र हैं जिनमें इसी भारतीय ज्ञान परंपरा से कई नवीन प्रतिमान स्थापित हुए हैं।

भारत के विषय में लिखित साक्ष्य ऋग्वैदिक काल से मिलता है और ऋग्वेद इस संदर्भ में प्रथम ग्रंथ है। ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है जो प्राचीन भारतीय आर्यों की राजनीतिक व्यवस्था के साथ ही उनके ज्ञान-विज्ञान, दर्शन, धर्म, कला एवं साहित्यिक उपलब्धियों का एकमात्र महत्वपूर्ण स्रोत है। भौतिक जगत को समझने की चेष्टा सर्वप्रथम प्राचीन आर्यों ने ही आरंभ की थी। ऋग्वेद ग्रंथ के 'विश्वकर्मा सूक्त' में इस प्रकार के प्रश्न उठाये गये है कि 'सृष्टि का अधिष्ठान क्या है? इसका आरंभ कैसे हुआ? किस पदार्थ से यह जगत बना? इसका रचयिता कौन है?' इन प्रश्नों में से कुछ का उत्तर तो अभी आधुनिक भौतिकी को भी देना बाकी है। इसी प्रकार ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में भी इस बात का संकेत किया गया है कि सृष्टि के आरंभ में गहन अथाह जल था और आधुनिक विज्ञान का भी इस विषय में यही मानना है। वैदिक काल के ऋषियों ने अनेक शास्त्रों, विज्ञानों एवं वेदांगों की नींव डाली थी। भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों ने अपने समय से बहुत आगे की कल्पनाओं और विचारों को साकार किया है। उन्होंने हजारों साल पहले ही प्रकृति से जुड़े कई रहस्य उजागर करने के साथ कई आविष्कार किये और युक्तियाँ बतायीं। उनके इसी विलक्षण ज्ञान के आगे आधुनिक विज्ञान भी नतमस्तक होता है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित वैज्ञानिक सूत्र बहुत ही सहज और सारगर्भित रूप में प्रस्तुत किये गये हैं। उस काल में जहाँ जन सामान्य के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शास्त्र लिखे गये तो विज्ञान और गणित के गूढ़तम रहस्यों के जवाब देने के लिए भी शास्त्र लिखे गये। आधुनिक भारतीय जनसमाज के मन मस्तिष्क में कहीं ना कहीं यह बात मौजूद है कि बहुतायत में वैज्ञानिक आविष्कार पश्चिमी देशों की देन है उनके लिए यह जानना आवश्यक है कि पश्चिम के अधिकांश वैज्ञानिकों तथा आविष्कारकों ने भारतीय वैदिक विज्ञान की महत्ता को स्वीकार किया है। पश्चिम के राइट बंधुओं से हजारों वर्ष पूर्व महर्षि भारद्वाज ने विमान की कल्पना करते हुए वैमानिकी शास्त्र रचा जो आज के संदर्भों में भी सामयिक है। 'पुष्पक' तथा अन्य विमानों के रामायण में वर्णन कोई कोरी कल्पना नहीं है। ताजा वैज्ञानिक अनुसंधान ने भी तय किया है कि रामायण काल में विमान की प्रौद्योगिकी इतनी विकसित थी जिसे आज समझ पाना भी कठिन है। मय विश्वकर्मा ने ब्रह्मा से वैमानिकी विद्या सीखी और पुष्पक विमान बनाया। पुष्पक विमान की पद्धति का विस्तृत ब्यौरा महर्षि भारद्वाज लिखित पुस्तक यंत्र सर्वस्व में भी किया गया है। इस पुस्तक के 40 अध्याय में से एक अध्याय वैमानिकी शास्त्र अभी भी उपलब्ध है। इसमें 25 तरह के विमानों का विवरण है। इस पुस्तक में वर्णित कुछ शब्द जैसे विश्व क्रिया दर्पण आज के रडार जैसे यंत्रों की कार्यप्रणाली का रूपक है।

आधुनिक विज्ञान में जॉन डाल्टन के परमाणुवाद का योगदान माना जाता है। परंतु भारत के महर्षि कणाद ने डाल्टन से दो हज़ार वर्ष पूर्व ही परमाणुवाद प्रतिष्ठित कर चुके थे। भागवत पुराण में भी परमाणु की सही-सही परिभाषा दी गयी है। पुराणों में जल में अग्नि का वास होने का उल्लेख है। इससे जल से ऊर्जा प्राप्त होने ही का आशय नहीं बल्कि वरुण (जल) के यौगिक होने का भी संदेश मिलता है। आधुनिक भाषा में जल को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का यौगिक माना जाता है। पुराण की भाषा में जल पृथ्वी तत्व हाइड्रोजन और अग्नि तत्व ऑक्सीजन का यौगिक है। न्यूटन से कई सदियों पहले भारत के खगोल विज्ञानी भास्कराचार्य ने यह प्रतिपादित कर दिया था कि पृथ्वी आकाशी पदार्थों को एक विशेष शक्ति से अपनी तरफ आकर्षित करती है। उन्होंने ही गणितीय गणना में शून्य को प्रतिपादित किया था। पश्चिमी खगोल विज्ञानी कॉपरनिकस से हजार वर्ष पूर्व भारतीय खगोलशास्त्री आर्यभट्ट ने पृथ्वी की आकृति व इसकी अपनी धुरी पर घूमने की पुष्टि कर दी थी। वैदिक युग में सुश्रुत जैसे ऋषि चिकित्सक सफल शल्य चिकित्सा करते थे और आधुनिक विज्ञान ने इसको कुछ सदी पहले ही पुनः आविष्कृत किया। गणित विज्ञान, खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, उर्जा एवं पृथ्वी के जीवन सम्बन्धी ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिससे सिद्ध होता है कि सनातन वैदिक ज्ञान कितना विकसित था, जिसके मूल का उपयोग कर आज के आधुनिक विज्ञान के नाम पर पश्चिमी देशों द्वारा वैश्विक स्तर पर फैलाया गया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने ध्यान और मोक्ष की गहरी अवस्था में ब्रह्म, ब्रह्मांड और आत्मा के रहस्य को जानकर उसे स्पष्ट तौर पर व्यक्त किया था। प्राचीन भारत में विज्ञान सहित अनेक विषयों पर अनेक शोध हुए हमारे शास्त्रों के उल्लेख से स्पष्ट प्रतीत होता है कि भारतीय ऋषि-मुनि महान वैज्ञानिक व शोधकर्ता थे। वेद, उपनिषद, भागवत, गीता आदि ग्रंथों के अनेक सूत्र से आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग प्रेरित होते रहे हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को निष्पक्ष ढंग से देखने पर यह ज्ञात होता कि भारत विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अति उन्नत था। विज्ञान का विकास भारत में वैदिक काल से ही प्रारंभ हो जाता है। वेदों में गणित, ज्योतिष, आयुर्वेद व कृषि सहित अनेक विज्ञानों के विकसित होने के प्रमाण उपलब्ध हैं। वैदिक सभ्यता यज्ञ प्रधान रही है । विभिन्न उद्देश्यों से लौकिक एवं पारलौकिक अभ्युत्थान हेतु अनेक प्रकार के यज्ञ नियमित रूप से होते रहते थे।


विक्रम पंचांग
नमः शिवाय साम्बाय सगणाय ससूनवे।
प्रधानपुरुषेशाय सर्गस्थित्यन्तहेतवे।।
– महर्षि वामदेव
L N BHAWSAR

इसके विशिष्ट प्रकार की ज्यामितीय आकार की वेदिकाएँ बनती थीं। यज्ञों के लिए मुहूर्त निश्चित होते थे। यज्ञों की सुव्यवस्था एवं सफल संपादन के लिए गणित, ज्यामिति और ज्योतिष तथा खगोल विज्ञान विकसित हुए। गणित विशेषतः उसकी दार्शनिक अंक प्रणाली और शून्य का आविष्कार विश्व को भारत की सबसे महत्वपूर्ण देन स्वीकार की जाती है। वास्तव में वैदिक युग को ज्ञान-विज्ञान की अनेक शाखाओं को विकसित करने का श्रेय है।

वैदिक ऋषि होने अपने तपोवन में विज्ञान के विविध रूपों का अनुसंधान किया था। उन्होंने प्रकृति पदार्थ के रहस्यों को वैज्ञानिक ढंग से प्रकट किया। वैज्ञानिक अनुसंधान ही उनकी रीत-नीति आधुनिक विज्ञान की संकीर्ण सीमाओं में ना बंधते हुए भी उच्चस्तरीय, आकर्षक व सम्मोहक है। वैदिक ऋषियों के विज्ञान की विविध धाराएँ आयुर्वेद भौतिक गणित रसायन वनस्पति जीव व भूगर्भ विज्ञान तथा कृषि व शिल्प आदि के रूप में प्रकट हुई है।

भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा में विक्रम स6वत् पंचांग रचना का दिन माना जाता है। महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीना और वर्ष की गणना कर पंचांग की रचना की थी। विक्रम स6वत् संपूर्ण धरा की प्रकृति, खगोल सिद्धांतों और ग्रह-नक्षत्रों से जुड़ा है। इसका उल्लेख हमारे ग्रन्थों में भी है। इसके कई वैज्ञानिक आधार और पूरे विश्व के मानने हेतु तर्क भी हैं। सम्राट विक्रमादित्य के काल में ज्ञान की यही परंपरा उत्तरोत्तर अग्रसर होती रही।

आज से 3000 वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति का जो रूप था आज भी वह मूलतः वैसा ही है। दुनिया में अनेक सभ्यताओं ने जन्म लिया किंतु काल ने उन्हें ध्वस्त कर दिया। केवल भारत ही एक ऐसा देश है जिसका अतीत कभी मरा नहीं। वह बराबर वर्तमान के रथ पर चढ़कर भविष्य की तरफ अग्रसर रहा। भारत का अतीत कल भी जीवित था वह आज भी जीवित है और आगे भी रहेगा।

विक्रमकालीन ग्रंथों के अध्ययन से हम उस समय के हिंदू मस्तिष्क का अनुमान लगा सकते हैं जिसने हिंदू धर्म को नव जीवन प्रदान किया। एक से बढ़कर एक विद्वान हुए जिन्होंने ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में खोज करके जिस साहित्य की सृष्टि की वह आज भी प्रशंसनीय है तथा आज के विद्वान भी उससे सहायता प्राप्त करते हैं। विक्रमादित्य के काल में ज्ञान, विज्ञान, कला एवं साहित्य में जो पथ प्रशस्त हुआ वह अभूतपूर्व था।

नर-रूप-रत्नों से सजी थी वीर विक्रम को समा,
अब भी जगत् में जागती है जगमगी जिनकी प्रभा।
जाकर सुनो, उज्जैन मानों आज भी यह कह रही-
मैं मिट गई, पर कीर्ति मेरी तब मिटेगी: जब मही।।

महर्षि वामदेव

महर्षि वामदेव ऋग्वेद के चतुर्थ मंडल के सूत्रद्रष्टा, गौतम ऋषि के पुत्र तथा जन्मत्रयी के तत्ववेत्ता हैं जिन्हें गर्भावस्था में ही अपने विगत दो जन्मों का ज्ञान हो गया था और उसी अवस्था में इंद्र के साथ तत्वज्ञान पर इसकी चर्चा हुई थी। वैदिक उल्लेखानुसार सामान्य मनुष्यों की भाँति जन्म न लेने की इच्छा से इन्होंने माता का उदर फाड़कर उत्पन्न होने का निश्चय किया। किंतु माता द्वारा अदिति का आवाहन करने और इंद्र से तत्वज्ञान चर्चा होने के कारण ये वैसा न कर सके। तब यह श्येन पक्षी के रूप में गर्भ से बाहर आये। एक बार इंद्र ने युद्ध के लिए वामदेव को ललकारा था तब इंद्रदेव परास्त हो गये। वामदेव ने देवताओं से कहा कि मुझे दस दुधारु गाय देना होगा और मेरे शत्रुओं को परास्त करना होगा तभी में इंद्र को मुक्त करूँगा। इंद्र और सभी देवता इस शर्त से कुतिप हो चले थे। वामदेव ने सामगान अर्थात् संगीत शास्त्र का ज्ञान दिया। सामवेद में संगीत और वाद्य यंत्रों की संपूर्ण जानकारी अंकित है। भरत मुनि द्वारा रचित भरतनाट्य शास्त्र सामवेद से ही प्रेरित है।

महर्षि वामदेव ब्रह्मज्ञानी तथा जाति स्मर महात्मा रहे हैं। गौतम के पुत्र वामदेव की गणना गोत्रकार ऋषियों में होती है। गायत्री मंत्र के चौबीस अक्षरों के पृथक-पृथक ऋषि माने गये हैं, उनमें पाँचवें अक्षर के ऋषि वामदेव हैं। उन्होंने विशिष्ट मंत्रों का संकलन करके गायन की पद्धति विकसित की। आधुनिक विद्वान भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि समस्त स्वर, ताल, लय, छंद, गति, मन्त्र, स्वर-चिकित्सा, राग नृत्य मुद्रा, भाव आदि सामवेद से ही निकले हैं। वामदेव को ऐसे वैज्ञानिक सत्यों का ज्ञान था जिनकी जानकारी आधुनिक वैज्ञानिकों को सहस्त्राब्दियों बाद प्राप्त हो सकी है। सामवेद में वर्णित ये कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिनसे यह प्रमाणित होता है कि हमारे पूर्वजों को ऐसे ऐसे वैज्ञानिक तथ्यों का ज्ञान था जिनका आधुनिक विज्ञान को हजारों साल बाद भी अभी तक ठीक से ज्ञान नहीं है। साम गान के संदर्भ में वैदिक काल में कई वाद्य यंत्रों का उल्लेख मिलता है।

विक्रम पंचांग

अग्निवायुरविभ्यस्तु त्यं ब्रह्म सनातनम।
दुदोह यज्ञसिध्यर्थमृगयु: समलक्षणम् ।।

– महर्षि अंगिरा



विक्रम सम्वत् 2079 ''राक्षस'' नाम सम्वत्सर

कलि सम्वत् 5123 • सृष्टि आरम्भ 1955885123

राजा – शनि • मंत्री – गुरू

चैत्र शुक्ल पक्ष — 02 अप्रैल से 16 अप्रैल 2022 तक

वैशाख कृष्ण पक्ष — 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 तक

चैत्र शुक्ल पक्ष			वार	वैशाख कृष्ण पक्ष	
	अश्वि १२/१९ **03 अप्रैल द्वितीया** सिंधारा दूज	पुष्य २७/५० **10 अप्रैल नवमी** श्री राम नवमी चैत्र नवरात्र पूर्ण श्री स्वामी नारायण जयंती	रविवार	चित्रा ०७/२९ **17 अप्रैल प्रतिपदा**	श्रवण २०/०० **24 अप्रैल अष्टमी**
	भरणी १३/२९ **04 अप्रैल तृतीया** मत्स्यजयंती, गणगौर तीजे गौरी मनोरथ तृतीया	श्लेषा ३०/०० **11 अप्रैल दशमी** धर्मराज दशमी, दशहरा म. जोतीराज फुले जयंती	सोमवार	स्व ०६/२९ विशा २९/१९ **18 अप्रैल द्वितीया**	धनिष्ठा १८/३९ **25 अप्रैल नवमी दशमी** पंचकोषी यात्रा प्रारम्भ (अवन्तिका)
	कृतिका १५/३९ **05 अप्रैल चतुर्थी** श्री विनायक चतुर्थी, दमनक चतुर्थी	मघा दिन/रात **12 अप्रैल एकादशी** कमदा एकदशी व्रत (लोंग)	मंगलवार	अनुराधा २८/०० **19 अप्रैल तृतीया**	शत १८/०० **26 अप्रैल एकादशी** श्री वल्लभाचार्य जयंती वरूथिनी एकादशी (खरबूजा)
	रोहिणी १८/०० **06 अप्रैल पंचमी** श्रीराम राज्य महोत्सव गुहराज निषाद जयंती	मघा ०७/०० **13 अप्रैल द्वादशी**	बुधवार	ज्योष्ठा २९/१९ **20 अप्रैल चतुर्थी** श्री संकष्टी चतुर्थी चन्द्रोदय ०९/४०	पू.भा. १७/३९ **27 अप्रैल द्वादशी** संत सेन जयंती
	मृगशिर २०/३९ **07 अप्रैल षष्ठी** स्कन्धषष्ठी विश्व स्वास्थ्य दिवस	पू.फा.०७/५० **14 अप्रैल त्रयोदशी** महावीर स्वामी जयंती डॉ. अम्बेडकर जयंती प्रदोष व्रत	गुरूवार	मूल २४/३९ **21 अप्रैल पंचमी** गुरू तेगबहादुर जयंती	उ.भा. १८/०४ **28 अप्रैल त्रयोदशी** प्रदोष व्रत
	आर्द्रा २३/०० **08 अप्रैल सप्तमी**	उफा ०८/१० **15 अप्रैल चतुर्दशी** श्री नृसिंह दोलोत्सव हटकेश्वर जयंती, शिव दमनक चतुर्दशी	शुक्रवार	पू.षा. २२/२९ **22 अप्रैल षष्ठी** वैतालषष्ठी विश्व पृथ्वी दिवस	रेवती १८/२९ **29 अप्रैल चतुर्दशी** मास शिवरात्री
रेवती ११/०९ **02 अप्रैल प्रतिपदा** नवसम्वत्सर प्रा., गुडी पड़वा झूलेलाल ज., ज्योतिष दिवस चैत्र नवरात्र प्रारम्भ, डॉ. हेडगेवार जयन्ती	पुनर्वसु २५/३९ **09 अप्रैल अष्टमी** दुर्गा अष्टमी, महाष्टमी	हस्त ०८/०० **16 अप्रैल पूर्णिमा** चैत्री पूर्णिमा, भ. हुनमान प्राकट्योत्सव (हनुमान जयंती)	शनिवार	उ.षा. १४/२० **23 अप्रैल सप्तमी** कालाष्टमी, शीतलाष्टमी गुरू अर्जुनदेव जयंती	अश्वि १९/०० **30 अप्रैल अमावस्या** पंचकोषी यात्रा पूर्ण शनिचरी अमावस्या

प्राचीन काल से ही काल-गणना का केन्द्र उज्जयिनी रही है। विज्ञान की दृष्टि से भी यह केन्द्र वर्तमान में उज्जैन से 32 कि.मी. दूर डोंगला में स्थित है। डोंगला वेधशाला की गणना अनुसार इस तिथि-पत्रक का प्रकाशन किया जा रहा है।

महर्षि अंगिरा

पुराणों में बताया गया है कि महर्षि अंगिरा ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं तथा ये गुणों में ब्रह्मा के ही समान हैं। वज्रकुलोत्पन्न एक प्रसिद्ध वैदिक ऋषि हैं, जिनका उल्लेख मनु, ययाति, दध्यच्, प्रियमेध, कण्व, अत्रि, भृगु आदि के साथ मिलता है। इनकी गणना सप्तऋषियों में वशिष्ठ, विश्वामित्र, मरीचि आदि के साथ होती है तथा दस प्रजापतियों में की जाती है। इनके दिव्य अध्यात्मज्ञान, योगबल, तप-साधना एवं मन्त्रशक्ति की विशेष प्रतिष्ठा है। इनकी पत्नी दक्ष प्रजापति की पुत्री स्मृति (मतान्तर से श्रद्धा) थीं, जिनसे इनके वंश का विस्तार हुआ।

इनकी तपस्या और उपासना इतनी तीव्र थी कि इनका तेज और प्रभाव अग्नि की अपेक्षा बहुत अधिक बढ़ गया। उस समय अग्निदेव भी जल में रहकर तपस्या कर रहे थे। जब उन्होंने देखा कि अंगिरा के तपोबल के सामने मेरी तपस्या और प्रतिष्ठा तुच्छ हो रही है तो वे दुःखी हो अंगिरा के पास गये और कहने लगे- ‘आप प्रथम अग्नि हैं, मैं आपके तेज़ की तुलना में अपेक्षाकृत न्यून होने से द्वितीय अग्नि हूँ। मेरा तेज़ आपके सामने फीका पड़ गया है, अब मुझे कोई अग्नि नहीं कहेगा।’ तब महर्षि अंगिरा ने सम्मानपूर्वक उन्हें देवताओं को हवि पहुँचाने का कार्य सौंपा। साथ ही पुत्र रूप में अग्नि का वरण किया। तत्पश्चात् वे अग्नि देव ही बृहस्पति नाम से अंगिरा के पुत्र के रूप में प्रसिद्ध हुए। उतथ्य तथा महर्षि संवर्त भी इन्हीं के पुत्र हैं। महर्षि अंगिरा की विशेष महिमा है। ये मन्त्रद्रष्टा, योगी, संत तथा महान भक्त हैं। इनकी अंगिरा-स्मृति में सुन्दर उपदेश तथा धर्माचरण की शिक्षा व्याप्त है। सम्पूर्ण ऋग्वेद में स्मृति चन्द्रिका में अंगिरा के गद्यांश उपस्मृतियों के 72 श्लोाक प्राप्त हुए हैं। इस ग्रंथ में अंत्यदजों से भोज्यी और पेय ग्रहण करने, गौ को चोट पहुँचाने का प्राश्चि त तथा स्त्रियों द्वारा नील वस्त्र धारण करने की विधि उल्लिखित है। महर्षि अंगिरा तथा उनके वंशधरों तथा शिष्य-प्रशिष्यों का जितना उल्लेख है, उतना अन्य किसी ऋषि के सम्बन्ध में नहीं हैं। विद्वानों का यह अभिमत है कि महर्षि अंगिरा से सम्बन्धित वेश और गोत्रकार ऋषि ऋग्वेद के नवम मण्डल के द्रष्टा हैं। नवम मण्डल के साथ ही ये अंगिरस ऋषि प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि अनेक मण्डलों के तथा कतिपय सूक्तों के द्रष्टा ऋषि हैं। जिनमें से महर्षि कुत्स, हिरण्यस्तूप, सप्तगु, नृमेध, शंकपूत, प्रियमेध, सिन्धुसित, वीतहव्य, अभीवर्त, अंगिरस, संवर्त तथा हविर्धान आदि मुख्य हैं। ऋग्वेद का नवम मण्डल जो 114 सूक्तों में निबद्ध है, पवमान-मण्डल के नाम से विख्यात है। इसकी ऋचाएँ पावमानी ऋचाएँ कहलाती हैं। इन ऋचाओं में सोम देवता की महिमापरक स्तुतियाँ हैं, जिनमें यह बताया गया है कि इन पावमानी ऋचाओं के पाठ से सोम देवताओं का आप्यायन होता है।

श्री विक्रम सं.२०७९ चैत्र शुक्ल पक्ष

दिनांक — **दि.०२ अप्रैल से १६ अप्रैल २०२२ तक**

सौम्यायन अयनांश २४/१०/१० बसंत ऋतु

यहाँ पर दिया गया, सभी समय,भा.स्टे.स्टा.में है जो संपूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा ।

तिथि	वार	समाप्ति घं.मि.	नक्षत्र	समाप्ति घं. मि.	योग	समाप्ति घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	चन्द्रराशि प्रवेश घ. मि.	सूर्य स्पष्ट स्टे. टा ५/३०	अप्रैल	
०१	शनि	११ ४५	रेवती	११ १०	ऐन्द्र	०८ २४	०६ २३	१८ ३९	मेष ११ ।१०	११.१८.५६.००	02	**नवीन चंद्रदर्शन,नव संवत्सर प्रा.,गुडी पाडवा,** ज्योतिष दिवस वासन्तिक A
०२	रवि	१२ २०	अश्विनी	१२ २०	वैधृति	०७ ३०	०६ २२	१८ ३९	मेष	११.१९.५५.००	03	सिंधारा दूज,स.सि.६/२०से१२/२०तक **Aनवरात्र प्रां.,**घट स्थापना,चेतीचांद B
०३	सोम	१३ ३०	भरणी	१३ ३०	विष्कुंभ	०७ २०	०६ २१	१८ ४०	वृष.२० ।००	११.२०.५४.००	04	भ.२६/००से, **मत्स्यजयंती**(मीणा उत्पत्ति),गौरी मनोरथ तृतीया, गणगौर तीजे
०४	मंगल	१४ १५	कृतिका	१५ ४०	प्रीति	०७ २५	०६ २०	१८ ४०	वृषभ	११.२०.५३.०२	05	भ.१४/१५तक, **विनायक चतुर्थी, दमनक चतुर्थी,** अङ्गारक चतुर्थी, D
०५	बुध	१६ १०	रोहिणी	१८ ००	आयु	०८ ००	०६ १९	१८ ४१	वृषभ	११.२१.५२.३४	06	**श्रीराम राज्य महोत्सव कल्पादि,** स.सि.६/१७ से १८/००तक
०६	गुरु	१८ ००	मृगशिर	२० ४०	सौभाग्य	०८ ०५	०६ १८	१८ ४१	मि.०७ ।२०	११.२२.५१.३४	07	**स्कन्धपष्ठी,सूर्य-अशोका पष्ठी,** D स.सि.६/१८ से १५/४०तक
०७	शुक्र	२० ०५	आर्द्रा	२३ ००	शोभन	०८ ३०	०६ १७	१८ ४१	मिथुन	११.२३.५०.३१	08	भ.२०/०से,महासप्तमी,महानिशा पूजा बलीदान,स.सि. ०६/१५ से
०८	शनि	२२ १०	पुनर्वसु	२५ ४०	अति	०९ ००	०६ १६	१८ ४२	कर्क १९ ।००	११.२४.४९.२७	09	भ.९/००तक,दुर्गा अष्टमी, महाष्टमी वासंती दुर्गापूजन प्रा(बंगाल),भवान्युत्पत्ती, C
०९	रवि	२३ ५०	पुष्य	२७ ५०	सुकर्मा	०९ ५०	०६ १५	१८ ४२	कर्क	११.२५.४८.००	10	**श्रीराम नवमी,**श्रीस्वामी नारायण जं०,**चैत्र नवरात्र पूर्ण,**अयोध्या परिक्रमा F
१०	सोम	२५ ००	श्लेषा	३० ००	धृति	१० ००	०६ १५	१८ ४२	सिंह ३० ।००	११.२६.४७.०२	11	धर्मराज दशमी,दशहरा, C अशोकाष्टमी,अशोक कलिका प्राशन, स.सि.६/१५तक
११	मंगल	२६ ०१	मघा	दि रा	शूल	०९ ३०	०६ १४	१८ ४३	सिंह	११.२७.४६.०३	12	भ.१३/३०से२६/००तक,**कमदा एकादशी व्रत**(लोंग),श्रीवल्लभाचार्य बधाई,
१२	बुध	२६ १०	मघा	०७ ००	गंड	०९ ००	०६ १३	१८ ४३	सिंह	११.२८.४४.५०	13	वामन द्वादशी,विष्णु दमनोत्सव, F स.सि.६/१२से२७/५०तक
१३	गुरु	२६ ००	पू.फा	०७ ५०	वृद्धि	०८ ३०	०६ १२	१८ ४४	कन्या१४ ।००	११.२९.४५.३०	14	प्रदोषव्रत,अनङ्ग त्रयोदशी, हेडगेंवा जयन्ती, महावीर जयंती,
१४	शुक्र	२५ ३०	उफा	०८ १०	ध्रुव	०७ ३०	०६ ११	१८ ४४	कन्या	००.००.४२.१२	15	भ.२५/३०से,श्रीनृसिंह दोलोत्सव,शिव दमनक चतुर्दर्शी
१५	शनि	२५ ००	हस्त	०८ ००	व्या/हर्ष	०७ ०० २९ ००	०६ १०	१८ ४४	तुला २० ।२०	००.०१.४५.५२	16	भ.१३/००तक,स्नान,दान,व्रत की **चैत्री पूर्णिमा, हनुमान जयंती,** चित्रान्नदान बुध
												पश्चिमोदय ९/०० B निम्ब भक्षण, सूर्य को अर्घ्य प्रदान करे,पंचक ११/१०तक

दि. १६/०४/२०२२ स्टे.टा. ०५/३०

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
००	०६	१०	००	११	१०	०९	००
०१	०५	०६	१६	०१	१७	२५	२९
४५	००	००	१५	४०	०५	१७	४०
५२	००	००	०४	४५	००	०२	०५
५८	७९०	४५	११०	१३	६५	०४	०३
३७	३५	१३	००	२९	००	००	११
अश्वे	चित्र	धनि	भर	पू.भा	शत	धनि	कृ
मा	मा	मा	मा	मा	मा	मा	व



श्री विक्रम सं.२०७९ वैशाख कृष्ण पक्ष

दिनांक — **दि.१७ अप्रैल से ३० अप्रैल २०२२ तक**

सौम्यायन अयनांश २४/१०/१२ बसंत ऋतु

यहाँ पर दिया गया, सभी समय,भा.स्टे.स्टा.में है जो संपूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा ।

तिथि	वार	समाप्ति घं. मि.	नक्षत्र	समाप्ति घं. मि.	योग	समाप्ति घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	चन्द्रराशि प्रवेश घ. मि.	सूर्य स्पष्ट स्टे. टा ५/३०	अप्रैल	
०१	रवि	२२ ३०	चित्रा	०७ ३०	वज्र	२४ ००	०६ ०९	१८ ४५	तुला	००.०२.४४.३०	17	शिवलायों में गलन्तिका बांधे,पोशाला लगावें, वैशाख स्नान प्रां०, A
०२	सोम	२१ ००	स्वा/विशा	०६ ३० २९ २०	सिद्धि	२२ ३०	०६ ०८	१८ ४५	वृश्चि२४ ।००	००.०३.४३.०६	18	A पीपल को नित्य जल चढ़ावें। कच्छपावतार जयंती
०३	मंगल	१९ २०	अनुराधा	२८ ००	व्यति	१९ ००	०६ ०७	१८ ४६	वृश्चिक	००.०४.४१.५०	19	**भ.०८/००से१९/००तक, (अवन्तिका में प्रति मंगलवार मंगलनाथ दर्शन यात्रा)** B
०४	बुध	१६ ००	ज्येष्ठा	२६ २०	वरिय	१६ ४०	०६ ०६	१८ ४६	धनु २६ ।२०	००.०५.४०.०८	20	**श्रीसंकष्टी चतुर्थीव्रत ०९/४०,** चन्द्रोदय सती अनुसूया जयंती
०५	गुरु	१३ ३०	मूल	२४ ४०	परिघ	१३ ००	०६ ०५	१८ ४७	धनु	००.०६.३८.००	21	B सायन सूर्य वृषभ में ०७/१५
०६	शुक्र	१२ १०	पू.षा.	२२ ३०	शिव	१० ५०	०६ ०४	१८ ४८	मकर२८ ।२०	००.०७.३६.५५	22	भ.१२/००से२३/००तक,वैतालषष्ठी,**गुमानदेव हनुमान** से वैताल मंदिर ध्वज यात्रा
०७	शनि	०९ ३०	उ.षा.	२१ १०	सिद्ध	०७ २०	०६ ०३	१८ ४८	मकर	००.०८.३५.२७	23	**कालाष्टमी,शीतलाष्टमी,** स.सि.२१/१० से
०८	रवि	०७ १०	श्रवण	२० ००	साध्य/शु	०६ ३० २८ ४०	०६ ०३	१८ ४८	मकर	००.०९.४०.२१	24	स.सि.०६/०३ तक
०९	सोम	०६ १०	धनिष्ठा	१८ ५०	शुक्ल	२४ ००	०६ ०२	१८ ४९	कुंभ ०६ ।३०	००.१०.३१.५८	25	भ.१७/००से२८/००तक, पंचक ०६/३०से
१०	सोम	२८ ००	दशमी तिथि का क्षय								00	**पंचकोषी यात्रा प्रारंभ (अवन्तिका)**
११	मंगल	२७ ३०	शत्भिष	१८ ००	ब्रह्म	२२ ००	०६ ०१	१८ ४९	कुम्भ	००.११.३०.४०	26	**वरुथीनी एकादशी व्रत(खरबूजा),** श्रीवल्लभाचार्य जं०,
१२	बुध	२५ ५०	पू.भा.	१७ ४०	ऐंद्र	१९ ००	०६ ०१	१८ ४९	मीन ११ ।३५	००.१२.२८.५९	27	
१३	गुरु	२४ ००	उ.भा.	१८ ०५	वैधृति	१७ २०	०६ ००	१८ ४९	मीन	००.१३.२७.०५	28	भ.२४/००से, प्रदोष व्रत,
१४	शुक्र	२४ ३०	रेवती	१८ ३०	विष्कुं	१६ ००	०५ ५९	१८ ५०	मेष १८ ।३०	००.१४.२५.०२	29	भ.१२/०तक,पंचक १८/३०तक, **मास शिवरात्री,** स.सि.५/५४से १८/३०तक
३०	शनि	२५ ००	अश्विनी	१९ ००	प्रीति	१५ २०	०५ ५८	१८ ५०	मेष	००.१५.२३.१६	30	स्नान,दान व श्राद्ध की वैशाखी शनिचरीअमावस्या, **पंचकोषी यात्रा पूर्ण,**

दि. ३०/०४/२०२२ स्टे.टा. ०५/३०

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
००	००	१०	०१	११	११	०९	००
१५	१६	१६	०६	०४	०२	२६	२८
२३	००	५०	०६	४९	२०	०५	५७
१६	००	४०	४०	३०	००	४०	२०
५८	७९०	४५	५८	१३	६६	०३	०३
०५	३५	१४	१५	००	००	२०	११
भर	अश्वि	शत	कृति	धनि	पू.भा	धनि	कृति
मा	मा	मा	मा	मा	मा	मा	वक्री



विक्रम पंचांग

संस्थाप्य मृणमये पात्रे
ताम्रपत्रं सुसंस्कृतम्।
छादयेच्छिखिग्रीवेन
चार्दाभिः काष्ठापांसुभिः।।
दस्तालोष्टो निधात्वयः
पारदाच्छादितस्ततः।
संयोगाज्जायते तेजो
मित्रावरुणसंज्ञितम्।।

– महर्षि अगस्त्य



विक्रम सम्वत् 2079 ''राक्षस'' नाम सम्वत्सर

कलि सम्वत् 5123 • सृष्टि आरम्भ 1955885123
राजा – शनि • मंत्री – गुरू

वैशाख शुक्ल पक्ष — 1 मई से 16 मई 2022 तक

ज्यैष्ठ कृष्ण पक्ष — 17 मई से 30 मई 2022 तक

रविवार	भरणी २१/०० **01 मई** प्रतिपदा श्रमिक दिवस गुरू अनंगदेव जयंती	पुष्य ११/३९ **08 मई** सप्तमी गंगा जयंती, गंगोत्पत्ति मदर्स डे	स्वाती १५/०९ **15 मई** चतुर्दशी छिन्नमस्तका जयंती केवट जयंती		श्रवण २०/०० धनिष्ठा १८/३९ **22 मई** सप्तमी	कृतिका २२/४० **29 मई** चतुर्दशी
सोमवार	कृतिका २२/४० **02 मई** द्वितीया नवीन चन्द्रदर्शन	श्लेषा ११/१९ **09 मई** अष्टमी दुर्गाष्टमी, श्री हरि जयंती	विशाखा १४/०० **16 मई** पूर्णिमा श्री बुद्ध जंयती श्रीकूर्म जयंती, वैशाखी पूर्णिमा		शत १८/०० **23 मई** अष्टमी कालाष्टमी त्रिलोकीनाथ अष्टमी	रोहिणी २१/२० **30 मई** अमावस्या शनेश्चर जयंती सोमवती अमावस्या
मंगलवार	रोहिणी २१/२० **03 मई** तृतीया अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती	मघा १२/४९ **10 मई** नवमी सीता नवमी, जानकी जयंती		अनुराधा २८/०० **17 मई** प्रतिपदा विश्व दूरसंचार दिवस	पू.भा. १७/३९ **24 मई** नवमी	
बुधवार	मृगशिर २८/३९ **04 मई** चतुर्थी श्री विनायक चतुर्थी व्रत	पू.फा. १४/०० **11 मई** दशमी		ज्योष्ठा २९/१९ **18 मई** द्वितीया देवर्षि नारद जयंती	उ.भा. १८/०४ **25 मई** दशमी	
गुरूवार	आर्द्रा २९/२९ **05 मई** चतुर्थी	उ.फा. १४/१३ **12 मई** एकादशी मोहिनी एकदशी व्रत (गौमुत्र)		मूल २४/३९ **19 मई** तृतीया चतुर्थी श्री संकष्टी चतुर्थीव्रत चन्द्रोदय ०९/०९	रेवती १८/२९ **26 मई** एकादशी अपरा एकादशी व्रत (ककड़ी) भद्रकाली एकादशी	
शुक्रवार	पुनर्वसु दिन/राज **06 मई** पंचमी श्री आद्यशंकराचार्य जयंती संत सूरदास जयंती	हस्त १६/०० **13 मई** द्वादशी प्रदोषव्रत		पू.षा. २२/२९ **20 मई** पंचमी	अश्वि १९/०० **27 मई** द्वादशी प्रदोष व्रत	
शनिवार	पुनर्वसु ०८/२९ **07 मई** षष्ठी श्रीरामानुजाचार्य जंयती रविन्द्रनाथ टेगौर जयंती	चित्रा २५/५८ **14 मई** त्रयोदशी भागवान नृसिंह प्राकट्योत्सव		उ.षा. १४/२० **21 मई** षष्ठी	भरणी २१/०० **28 मई** त्रयोदशी मासशिवरात्री व्रत	



महर्षि अगस्त्य

(2943 वि.पू., 3000 ई.पूर्व)

वैज्ञानिक ऋषियों के क्रम में महर्षि अगस्त्य भी एक अग्रणी वैदिक ऋषि थे। जिनका जन्म श्रावण शुक्ल पंचमी (तदनुसार 3000 ई.पू.) को काशी में हुआ था। इन्हें सप्तर्षियों में से एक माना जाता है। महर्षि अगस्त्य राजा दशरथ के राजगुरु थे। देवताओं के अनुरोध पर इन्होंने काशी छोड़कर दक्षिण की यात्रा की और बाद में वहीं बस गये थे। उन्होंने अगस्त्य संहिता नामक ग्रंथ की रचना की और कालान्तर में इस ग्रंथ की प्राचीनता पर हुए अनेक शोध में इसे सही पाया गया। आश्चर्यजनक रूप से इस ग्रंथ में विद्युत उत्पादन से संबंधित सूत्र मिलते हैं। अगस्त्य संहिता को लिखे जाने का कालखंड 3000 ई.पू. का माना जाता है।

इस ग्रंथ में विद्युत कोश (बैट्री) के निर्माण की विधि विस्तार से बतायी गयी है, बल्कि इस बात का भी उल्लेख है कि किस प्रकार पानी को उसकी घटक गैस यानी ऑक्सीजन और हाईड्रोजन में विभाजित किया जा सकता है। आधुनिक बैट्री अगस्त्य मुनि द्वारा वर्णित बैट्री से काफी मिलती जुलती हैं। अगस्त्य मुनि के अनुसार-

संस्थाप्य मृण्मये पात्रे
ताम्रपत्रं सुसंस्कृतम्।
छादयेच्छिखिग्रीवेन
चार्दाभिः काष्ठापांसुभिः।।
दस्तालोष्टो निधात्वयः पारदाच्छादितस्ततः।
संयोगाज्जायते तेजो मित्रावरुणसंज्ञितम्।।

अर्थात एक मिट्टी का पात्र लें, उसमें ताम्र पट्टिका डालें तथा शिखिग्रीवा डालें, फिर बीच में गीली काष्ट पांसु लगाएँ, ऊपर पारा तथा दस्त लोष्ट डालें, फिर तारों को मिलायेंगे तो उससे मित्रावरुण शक्ति (विद्युत) का उदय होगा। आधुनिक युग में पश्चिम में बिजली का आविष्कारक माइकल फैराडे ने किया था। विद्युत बल्ब के आविष्कारक थॉमस एडिसन ने अपनी किताब में लिखा हैं कि 'एक रात मैं संस्कृत का एक वाक्य पढ़ते-पढ़ते सो गया। उस रात मुझे स्वप्न में संस्कृत के उस श्लोक का अर्थ और रहस्य समझ में आया जिससे मुझे विद्युत बल्ब बनाने में मदद मिली।' अगस्त्य संहिता में आधुनिक समय में प्रयोग में लायी जाने वाली तकनीक इलेक्ट्रोप्लेटिंग (विद्युत लेपन) का भी विवरण मिलता है अतः उन्हें विद्युत कोष (बैट्री) द्वारा सोना, चाँदी, ताँबा आदि धातुओं पर परत चढ़ाने की विधि का आविष्कारक भी माना जाता है।

श्री विक्रम सं.२०७९ वैशाख शुक्ल पक्ष

दि.०१ मई से १६ मई २०२२ तक

सौम्यायन अयनांश २४/१०/१४ ग्रीष्म ऋतु

तिथि	वार	समाप्ति घं. मि.	नक्षत्र	समाप्ति घं. मि.	योग	समाप्ति घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्योस्त घं. मि.	चन्द्रराशि प्रवेश घ. मि.	सूर्य स्पष्ट स्टे. टा ५/३०	दिनांक मई	यहाँ पर दिया गया, सभी समय,भा.स्टे.स्टा.में है जो संपूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा ।
०१	रवि	२५ ३०	भरणी	२१ ००	आयु	१४ ३०	०५ ५४	१८ ५२	वृष.२७।३०	००.१६.२१.२३	01	A स.सि ०५/५० तक
०२	सोम	२७ ००	कृतिका	२२ ५०	सौभाग्य	१४ ४९	०५ ५३	१८ ५३	वृषभ	००.१७.२०.०५	02	**नवीन चंद्रदर्शन,** शिवाजी जयंती, स.सि.२२/५०से
०३	मंगल	२९ २०	रोहिणी	२५ ००	शोभन	१५ ००	०५ ५२	१८ ५४	वृषभ	००.१८.१८.०१	03	अक्षय तृतीया,परशुराम जं.,बद्रीकेदार यात्रा,त्रेतायुगादि, समुद्रस्नान, A
०४	बुध	दि रा	मृगशिर	२७ ४०	अति	१५ १५	०५ ५२	१८ ५५	मि.१४।२०	००.१९.१५.०२	04	भ.१८/३०से, **विनायक चतुर्थी व्रत,** स.सि.०५/५०से२७/४०तक
०४	गुरु	०७ ५०	आर्द्रा	२९ ३०	सुकर्मा	१५ ५०	०५ ५१	१८ ५५	मिथुन	००.२०.१३.३२	05	भ.०८/००तक
०५	शुक्र	०९ ००	पुनर्वसु	दि रा	धृति	१६ १०	०५ ५१	१८ ५५	कर्क २५।००	००.२१.११.२९	06	चन्दन षष्ठी व्रत, **श्रीआद्यशंकराचार्य जयंती,** स.सि.दिन-रात
०६	शनि	१० ३०	पुनर्वसु	०८ ३०	शूल	१७ ००	०५ ५०	१८ ५६	कर्क	००.२२.०९.३०	07	गंगासप्तमी(महा.),**श्रीरामानुजाचार्य जयंती,** रविन्द्रनाथ टैगोर जं०
०७	रवि	११ ५०	पुष्य	१० ००	गंड	१७ ३०	०५ ५०	१८ ५६	कर्क	००.२३.०७.०५	08	भ.१२/००से २४/४०तक, **गंगोत्पत्ति,** गंगासप्तमी,स.सि.०५/४८से१०/००तक
०८	सोम	१३ २०	श्लेषा	११ २०	वृद्धि	१७ २०	०५ ५०	१८ ५६	सिंह ११।२०	००.२४.०५.०९	09	दुर्गाष्टमी,श्री बगलामुखी महाविद्या प्रागट्योत्सव श्रीहरि जयंती,
०९	मंगल	१४ ५०	मघा	१२ ५०	ध्रुव	१६ ५०	०५ ४९	१८ ५७	सिंह	००.२५.०३.००	10	मिथिला दिवस, **सीता नवमी,** मात्र नवमी, **जानकी जयन्ती**
१०	बुध	१५ ३०	पू.फा	१४ ००	व्याघा	१६ ००	०५ ४९	१८ ५७	कन्या२०।२०	००.२६.००.४०	11	भ.२७/३० से B स.सि.०५/४५ तक
११	गुरु	१५ २०	उ.फा.	१५ १५	हर्षण	१४ ५०	०५ ४८	१८ ५८	कन्या	००.२६.५८.००	12	भ.१५/२०तक, मोहिनी एकादशी व्रत(गौमुत्र),
१२	शुक्र	१४ ५०	हस्त	१६ ००	वज्र	१३ ४०	०५ ४८	१८ ५९	तुला २८।००	००.२७.५६.०५	13	प्रदोषव्रत,रूख्मणी द्वादशी,परशुराम द्वादशी
१३	शनि	१३ २०	चित्रा	१५ ५९	सिद्धि	१२ १०	०५ ४७	१८ ५९	तुला	००.२८.५३.०३	14	आद्यशंकराचार्य कैलाश गमन, स.सि.१६/००तक
१४	रवि	१२ ००	स्वाती	१५ १०	व्यति	१० ५०	०५ ४६	१८ ५९	तुला	००.२९.५१.५०	15	भ.१२ से २३ तक, पूर्णिमा व्रत, **नृसिंह जयंती व छिन्नमस्तका जयन्ती** B
१५	सोम	१० ३०	विशाख	१४ ००	वरिय	०९ ००	०५ ४५	१८ ००	वृश्चि.०८।२०	०१.००.४९.१८	16	स्नान,दान की **वैशाखी पूर्णिमा,** कुर्मो उत्पत्ति, बुद्ध, स.सि.१४/००से

दि. १६/०५/२०२२ स्टे.टा. ०५/३०

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
०१	०७	१०	०१	११	११	०९	००
००	०९	२८	०९	०८	२३	२६	२७
४९	५८	०३	४५	०२	०५	४०	४१
१८	३०	१०	०१	०१	१०	००	२५
५७	७९०	४५	१३	११	७०	०२	०३
३७	३५	०५	५०	००	०५	११	११
कृति	विश	पू.भा	रोहि	उ.भ	रेवती	धनि	कृति
मा	मा	मा	व	मा	मा	मा	व



श्री विक्रम सं.२०७९ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष

दि.१७ मई से ३० मई २०२२ तक

सौम्यायन अयनांश २४/१०/१६ ग्रीष्म ऋतु

तिथि	वार	समाप्ति घं. मि.	नक्षत्र	समाप्ति घं. मि.	योग	समाप्ति घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्योस्त घं. मि.	चन्द्रराशि प्रवेश घ. मि.	सूर्य स्पष्ट स्टे. टा ५/३०	दिनांक मई	यहाँ पर दिया गया, सभी समय,भा.स्टे.स्टा.में है जो संपूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा ।
०१	मंगल	०९ २०	अनुराधा	१२ ५०	परि/शिव	०७ ०० २८ ००	०५ ४५	१९ ००	वृश्चिक	०१.०१.४६.५०	17	वृंदावन-विहार परिक्रमा, वन विहार, स.सि.०५/४३ तक
०२	बुध	०७ ५०	ज्येष्ठा	११ १०	सिद्ध	२६ ११	०५ ४५	१९ ००	धनु १०।०९	०१.०२.४४.२०	18	भ.१८/००से, **देवर्षिनारद जयंती, वीणादान,**
०३	गुरु	०६ ००	मूल	१० ००	साध्य	२४ ००	०५ ४५	१९ ००	धनु	०१.०३.४१.५०	19	भ.०६/००तक, **श्रीसंकष्टी चतुर्थीव्रत, चन्द्रोदय ९/१०,** आखुरथ चतुर्थी
०४	गुरु	२७ ००	चतुर्थी तिथि का क्षय								00	
०५	शुक्र	२४ १०	पू.षा.	०७ ५०	शुभ	२१ ५०	०५ ४६	१९ ००	मकर१३।३५	०१.०४.३९.००	20	**भुवनेश्वरी माता का पाटोत्सव,** बुध वक्री ०७/००से,
०६	शनि	२१ ५०	उ.षा.	०६ ४०	शुक्ल	१९ ००	०५ ४७	१९ ०९	मकर	०१.०५.३६.५०	21	भ.२२/००से, सायन सूर्य मिथुन में ०९/२०, स.सि.०६/४० से
०७	रवि	१९ ४०	श्रव/धनि	०५ ५० २८ ३०	ब्रह्म	१६ ५०	०५ ४७	१९ ०९	कुंभ १७।१०	०१.०६.३४.३७	22	भ.०९/००तक, पंचक प्रा. १७/१०से, स.सि.०५/४४ तक
०८	सोम	१७ २०	शतभिष	२६ ००	ऐंद्र	१४ १०	०५ ४७	१९ ०२	कुम्भ	०१.०७.३२.०४	23	श्री त्रिलोकनाथाष्टमी,(बंगाल),**कालाष्टमी, त्रिलोकी नाथ अष्टमी**
०९	मंगल	१५ १०	पू.भा.	२५ ४०	वैधृति	११ ५०	०५ ४७	१९ ०२	मीन ०८।००	०१.०८.२९.३०	24	भ.२६/५०से
१०	बुध	१४ ००	उ.भा.	२६ ०५	विष्कुंभ	०९ ४०	०५ ४७	१९ ०३	मीन	०१.०९.२६.५०	25	भ.१४/००तक, A स.सि.०५/४४ से २६/२०तक
११	गुरु	१३ २०	रेवती	२६ २०	प्रीति	०७ ३०	०५ ४७	१९ ०३	मेष २६।२०	०१.१०.२४.००	26	अपरा एकादशी व्रत(ककड़ी),भद्रकाली एकादशी(बंगाल),पंचक २६/२०तक A
१२	शुक्र	१२ ००	अश्विनी	२७ ००	आयु/सौभा	०५ ४० २६ ५९	०५ ४७	१९ ०४	मेष	०१.११.२१.३०	27	प्रदोष व्रत, स.सि.०५/४४ से २७/००तक
१३	शनि	१२ ४०	भरणी	२८ १०	शोभन	२४ ३०	०५ ४७	१९ ०४	मेष	०१.१२.१९.००	28	भ.१३/००से २५/१५ तक, **मासशिवरात्री व्रत,**
१४	रवि	१४ ००	कृतिका	२९ ३०	अति	२३ ००	०५ ४७	१९ ०५	वृभ.१०।३५	०१.१३.१६.२०	29	सर्वाथ सिद्धि दिन रात
३०	सोम	१५ २०	रोहिणी	दि रा	सुकर्मा	२२ २०	०५ ४६	१९ ०५	वृषभ	०१.१४.१३.३७	30	स्नान,दान व पितृ अमावस्या, **भावुका दर्श अमावस्या शनेश्चर जयंती,**
												सोमवती अमावस्या, स.सि.दिन-रात

दि. ३०/०६/२०२२ स्टे.टा. ०५/३०

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
०१	०१	११	०१	११	००	०९	००
१४	१०	१०	०२	१०	०८	२६	२७
१३	००	०१	२८	०२	०२	५२	१३
३७	००	००	००	००	००	००	००
५७	७१२	३६	३३	०२	७४	०१	०३
१६	०५	५७	३५	०८	०२	४०	११
रोहि	कृति	उ.भा	कृति	उ.भ	आश्ले	धनि	कृति
मा	मा	मा	वक्री	मा	मा	मा	व



त्रिलोकपथाय त्रिलोकनाथाय
श्री महाविष्णुस्वरूप।
धनवंतरी स्वरूप श्री औषधचक्र
नारायणाय नमः।।

– धन्वन्तरि

विक्रम पचांग



ज्यैष्ठ शुक्ल पक्ष
31 मई से 14 जून 2022 तक

विक्रम सम्वत् 2079 ''राक्षस'' नाम सम्वत्सर
कलि सम्वत् 5123 • सृष्टि आरम्भ 1955885123
राजा – शनि • मंत्री – गुरू

आषाढ़ कृष्ण पक्ष
17 मई से 30 मई 2022 तक

		श्लेषा १९/०९ 05 जून षष्ठी अरण्य पष्ठी, आरोग्य षष्ठी	विशाखा २२/०९ 12 जून त्रयोदशी वट सावित्री व्रतारम्भत्रिदिवसीय	**रविवार**		धनिष्ठा १२/१० 19 जून पंचमी नाग पंचमी	कृतिका १४/०० 26 जून सोमप्रदोष व्रत
		मघा २१/२९ 06 जून सप्तमी	अनुराधा २१/०० 13 जून चतुर्दशी पूर्णिमा व्रत	**सोमवार**		शत १०/४० 20 जून षष्ठी सप्तमी	रोहिणी १५/५० 27 जून चतुर्दशी
रोहिणी ०८/०० 31 मई प्रतिपदा नवीन चन्द्रदर्शन दस दिवसीय गङ्गादशहरा प्रारंभ	पू.फा. २३/०० 07 जून अष्टमी धूमावती जयंती	ज्योष्ठा १९/१९ 14 जून पूर्णिमा वटसावित्री पूर्णिमा व्रत कबीर जयंती महाराणा प्रताम जयंती	**मंगलवार**		पू.भा. ०९/३० 21 जून अष्टमी कालाष्टमी, शीतलाष्टमी	मृगशिर १८/०० 28 जून अमावस्या
मृगशिर १०/२७ 01 जून द्वितीया	उ.फा. २४/०९ 08 जून नवमी महेश नवमी शिप्रातीर्थ परिक्रम यात्रा प्रारंभ		**बुधवार**	मूल १७/३९ 15 जून प्रतिपदा गुरू हरगोविन्द जयंती	उ.भा. ०९/०० 22 जून नवमी	आर्द्रा २१/०४ 29 जून अमावस्या स्नानदान की अमावस्या पर्व
आर्द्रा १२/०९ 02 जून तृतीया महाराणा प्रताप जयंती	हस्त २४/०० 09 जून दशमी शिप्रातीर्थ परिक्रम यात्रा पूर्ण गंगा दशहरा, श्री बटुक भैरव जयंती		**गुरूवार**	पू.षा. १६/०० 16 जून द्वितीया	रेवती १०/०० 23 जून दशमी योगिनी एकादशी (मिश्री)	
पुनर्वसु १४/२९ 03 जून चतुर्थी श्री विनायक चतुर्थी व्रत	चित्रा २५/४० 10 जून एकादशी निर्जला एकादशी व्रत गायत्री जयंती		**शुक्रवार**	उ.षा. १४/०४ 17 जून तृतीया श्री संकष्टी चतुर्थीव्रत चन्द्रोदय ०८/५५	अश्वि ११/०४ 24 जून एकादशी	
पुष्य १६/४९ 04 जून पंचमी	स्वाती २४/०० 11 जून द्वादशी		**शनिवार**	श्रवण १३/०० 18 जून चतुर्थी	भरणी १२/०० 25 जून द्वादशी	



धन्वन्तरि

हमारे साहित्य में तीन धन्वन्तरियों का उल्लेख मिलता है। दैविक, वैदिक और ऐतिहासिक। दैविक धन्वन्तरि के विषय में कहा गया है कि वे रोग पीड़ित देवताओं की चिकित्सा करते थे। उनसे संबंधित अनेक कथाएँ प्राप्त होती हैं। आयुर्वेद साहित्य में प्रथम धन्वन्तरि वैद्य माने जाते हैं। जब देवताओं और असुरों ने 'समुद्र मंथन' किया तो अनेक मूल्यवान वस्तुओं की प्राप्ति के बाद अंत में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। धन्वन्तरि हिन्दू धर्म में मान्य देवताओं में से एक हैं। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। भारतीय पौराणिक दृष्टि से 'धनतेरस' को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है। धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। इतिहास में दो अन्य धन्वन्तरियों का वर्णन आता है। प्रथम वाराणसी के क्षत्रिय 'राजा दिवोदास' जिन्होंने 'शल्य चिकित्सा' का विश्व का पहला विद्यालय काशी में स्थापित किया जिसके प्रधानाचार्य सुश्रुत बनाये गये थे। सुश्रुत दिवोदास के ही शिष्य और ऋषि विश्वामित्र के पुत्र थे। उन्होंने ही सुश्रुत संहिता लिखी थी। द्वितीय वैद्य परिवार के 'धन्वन्तरि' थे। दोनों ने ही प्रजा को अपनी वैद्यक चिकित्सा से लाभान्वित किया। सुश्रुत के अनुसार काशीराज दिवोदास के रूप में अवतरित भगवान धन्वन्तरि के पास अन्य महर्षियों के साथ सुश्रुत जब आयुर्वेद का अध्ययन करने हेतु गये और उनसे आवेदन किया। उस समय भगवान धन्वन्तरि ने उन लोगों को उपदेश करते हुए कहा कि सर्वप्रथम स्वयं ब्रह्मा ने सृष्टि उत्पादन पूर्व ही अथर्ववेद के उपवेद आयुर्वेद को एक सहस्त्र अध्याय- शत सहस्त्र श्लोकों में प्रकाशित किया। भावमिश्र का कथन है कि सुश्रुत के शिक्षक 'धन्वन्तरि' शल्य चिकित्सा के विशेषज्ञ थे। सुश्रुत गुप्तकाल से संबंधित थे। अतः स्पष्ट है कि विक्रमयुगीन धन्वन्तरि अन्य व्यक्ति थे। इतना अवश्य है कि प्राचीनकाल में वैद्यों को धन्वन्तरि कहा जाता होगा। इसी कारण दैविक से लेकर ऐतिहासिक युग तक अनेक धन्वन्तरियों का उल्लेख मिलता है। शल्य तंत्र के प्रवर्तक को धन्वन्तरि कहा जाता था। इसी कारण शल्य चिकित्सकों का संप्रदाय धन्वन्तरि कहलाता था। शल्य चिकित्सा में निपुण वैद्य धन्वन्तरि उपाधि धारण करते होंगे। विक्रमादित्य के धन्वन्तरि भी शल्य चिकित्सक थे। वे विक्रमादित्य की सेना में मौजूद थे। उनका कार्य सेना में घायल हुए सैनिकों को ठीक करना था। धन्वन्तरि द्वारा लिखित ग्रंथों के ये नाम हैं- रोग निदान, वैद्य चिंतामणि, विद्याप्रकाश चिकित्सा, धन्वन्तरि निघण्टु, वैद्यक भास्करोदय तथा चिकित्सा सार संग्रह।

श्री विक्रम सं.२०७९ ज्यैष्ठ शुक्ल पक्ष

दि.३१ मई से १४ जून २०२२ तक

सौम्यायन — अयनांश २४/१०/१८ — ग्रीष्म ऋतु

तिथि	वार	समाप्ति घ.मि.	नक्षत्र	समाप्ति घ.मि.	योग	समाप्ति घं. मि.	सूर्योदय घ.मि.	सूर्यास्त घं. मि.	चन्द्रराशि प्रवेश घ. मि.	सूर्य स्पष्ट स्टे. टा ५/३०	दिनांक मई जून	यहाँ पर दिया गया, सभी समय,भा.स्टे.स्टा.में है जो संपूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा ।
०१	मंगल	१७ ००	रोहिणी	०८ ००	धृति	२३ ००	०५ ४६	१९ ०५	मिथु.२१ ।१०	०१.१५.११.००	31	नवीन चन्द्रदर्शन,**दस दिवसीय गङ्गादशहरा प्रारम्भ,**
०२	बुध	१९ १०	मृगशिर	१० २८	शूल	२४ १०	०५ ४५	१९ ०५	मिथुन	०१.१६.०८.००	01	स.सि.०५/४३ से १०/२८ तक
०३	गुरु	२१ २०	आर्द्रा	१२ १०	गंड	२५ ००	०५ ४५	१९ ०५	मिथुन	०१.१७.०६.०३	02	रम्भाव्रत, **महाराणा प्रताप जयंती,** स.सि.१२/१० से
०४	शुक्र	२२ ५०	पुनर्वसु	१४ ३०	वृद्धि	२५ ३०	०५ ४५	१९ ०५	कर्क ०७ ।५२	११.१८.०२.१०	03	भ.१०/००से २२/५० तक ,**श्रीविनायक चतुर्थीव्रत,** स.सि.१४/३०तक
०५	शनि	२४ ४०	पुष्य	१६ ५०	ध्रुव	२५ ००	०५ ४५	१९ ०६	कर्क	०१.१८.५९.५५	04	**संत टेऊराम पुण्य तिथि,**
०६	रवि	२६ ००	श्लेषा	१९ १०	व्याघा	२५ ५०	०५ ४५	१९ ०६	सिंह १९ ।१०	०१.१९.५६.५८	05	अरण्य षष्ठी, आरोग्य षष्ठी
०७	सोम	२७ १०	मघा	२१ ३०	हर्षण	२५ ३०	०५ ४५	१९ ०७	सिंह	०१.२०.५४.१०	06	भ.२७/१०से
०८	मंगल	२७ ४०	पू.फा	२३ ००	वज्र	२४ २०	०५ ४५	१९ ०७	कन्या२९ ।२०	०१.२१.५१.१६	07	भ.१५/२५तक, दुर्गाष्टमी, **धूमावती जयंती,**
०९	बुध	२६ ५५	उ.फा.	२४ १०	सिद्धि	२३ ५९	०५ ४५	१९ ०७	कन्या	०१.२२.४८.२३	08	महेश नवमी, **दो दिवसीय शिप्रा यात्रा प्रा.** (अवन्तिका), स.सि.२४/१० से
१०	गुरु	२६ ००	हस्त	२४ ००	व्यति	२१ ३०	०५ ४५	१९ ०८	कन्या	०१.२३.४५.५०	09	**गंगा दशहरा, श्रीबटुक भैरव जं०** दो दिवसीय शिप्रा यात्रा पूर्ण, स.सि.५/४३तक
११	शुक्र	२५ ५०	चित्रा	२५ ४०	वरिया	२० ४०	०५ ४५	१९ ०८	तुला १२ ।४०	०१.२४.४२.३५	10	भ.१४/००से २५/५० तक, **निर्जला एकादशी व्रत(** आम),गायत्री जयंती,
१२	शनि	२४ ४०	स्वाति	२४ ००	परिघ	१८ ००	०५ ४५	१९ ०८	तुला	०१.२५३९.२०	11	स.सि.०५/४३ से २४/०० तक
१३	रवि	२२ १०	विशाख	२२ ५०	शिव	१६ १०	०५ ४५	१९ ०९	वृश्चि.१७ ।१०	०१.२६.३६.००	12	प्रदोषव्रत, **वट सावित्री व्रतारम्भत्रिदिवसीय,**
१४	सोम	२० ००	अनुराधा	२१ ००	सिद्ध	१४ ००	०५ ४५	१९ ०९	वृश्चिक	०१.२७.३३.४०	13	भ.२०/००से, पूर्णिमा व्रत, स.सि.०५/४३ से २१/००तक
१५	मंगल	१७ ५०	ज्येष्ठा	१९ २०	साध्य	११ ४०	०५ ४५	१९ ०९	धनु १९ ।२०	०१.२८.३०.४८	14	भ.०७/००तक,स्नान,दान व **वटसावित्री पूर्णिमा व्रत,**मन्वादि, कबीर जयंती,
												महाराणा प्रताप जयंती

दि. १४/०६/२०२२ स्टे.टा. ०५/३०

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
०१	०८	११	०१	११	००	०९	००
२८	०६	१७	०८	१२	२४	२६	२६
३०	००	५५	००	१५	५९	४०	०४
४८	००	०२	१०	०५	००	००	००
५७	७९०	४३	६०	०८	७२	००	०३
०१	३५	३०	००	००	०५	३३	११
मृग	मूल	उ.भा	कृति	उ.भ	भर	धनि	कृति
मा	मा	मा	मा	मा	मा	मा	व



श्री विक्रम सं.२०७९ आषाढ़ कृष्णा पक्ष

दि.१५ जून से २९ जुन २०२२ तक

सौम्यायन — अयनांश २४/१०/१२ — ग्रीष्म ऋतु

तिथि	वार	समाप्ति घ. मि.	नक्षत्र	समाप्ति घं. मि.	योग	समाप्ति घ.मि.	सूर्योदय घ.मि.	सूर्यास्त घं. मि.	चन्द्रराशि प्रवेश घ. मि.	सूर्य स्पष्ट स्टे. टा ५/३०	दिनांक जून	यहाँ पर दिया गया, सभी समय,भा.स्टे.स्टा.में है जो संपूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा ।
०१	बुध	१५ ५५	मूल	१७ ४०	शुभ	०८ ५०	०५ ४५	१९ ०९	धनु	०१.२९.२७.५०	15	**वटसावित्री व्रत का पारण, अशुन्य व्रत, गुरु हरगोविंद जयंती**
०२	गुरु	१४ ००	पू.षा	१६ ००	शु/ब्रह्म	०६ १० / २९ ००	०५ ४५	१९ ०९	मकर२१ ।३२	०२.००.२५.००	16	भ.२५/०४ से,
०३	शुक्र	१२ ०८	उ.षा.	१४ ०५	ऐंद्र	२६ ३०	०५ ४५	१९ १०	मकर	२१.०१.२१.१०	17	भ.१२/०८तक, **श्रीसंकष्टी चतुर्थीव्रत, चंद्रोदय ८/५५तक,**स.सि.१४/०५
०४	शनि	१० ००	श्रवण	१३ ००	वैधृति	२३ १०	०५ ४५	१९ १०	कुंभ २४ ।३५	०२.०२.१८.४०	18	पंचक प्रा. २४/३५से, सायन सूर्य कर्क में १५/००, स.सि.१३/००तक
०५	रवि	१० ५०	धनिष्ठा	१२ १०	विष्कुंभ	२० ००	०५ ४५	१९ १०	कुम्भ	०२.०३.१५.४५	19	कोकिला पंचमी(जैन), नागपंचमी(बंगाल)
०६	सोम	०५ ५०	शत्भिष	१० ४०	प्रीति	१७ १०	०५ ४६	१९ १०	मीन २७ ।२०	०२.०४.१२.५०	20	भ.०५/५०से १६/४० तक
०७	सोम	२७ ३०	सप्तमी तिथि का क्षय								00	
०८	मंगल	२५ ५०	पू.भा.	०९ ३०	आयु	१४ ५०	०५ ४६	१९ ११	मीन	०२.०५.०९.५१	21	**कालाष्टमी, शीतलाष्टमी, भल-भलाष्टमी,**
०९	बुध	२४ ३०	उ.भा.	०९ ००	सौभाग्य	१२ ००	०५ ४७	१९ ११	मीन	०२.०६.०६.४०	22	
१०	गुरु	२४ १५	रेवती	१० ००	शोभन	१० २०	०५ ४७	१९ ११	मेष १० ।००	०२.०७.०३.३८	23	भ.१२/२५से२४/१५ तक, पंचक १० तक स.सि.दिन-रात
११	शुक्र	२५ ००	अश्विनी	११ ०५	अति	०८ ५०	०५ ४७	१९ ११	मेष	०२.०८.००.३४	24	स.सि.०५/४५ से ११/००तक, **योगिनी एकादशी(मिश्री),**
१२	शनि	२६ ०५	भरणी	१२ ००	सुकर्मा	०८ ००	०५ ४७	१९ ११	वृष.१८ ।३०	०२.०८.५७.३९	25	
१३	रवि	२७ २०	कृतिका	१४ ००	धृति	०७ ००	०५ ४८	१९ १२	वृषभ	०२.०९.५४.२५	26	भ.२७/२० से, सोमप्रदोषव्रत,
१४	सोम	२८ ४०	रोहिणी	१५ ५०	शूल	०६ ५०	०५ ४८	१९ १२	मिथुन २९ ।००	०२.१०.५१.२०	27	भ.१६/१०तक, **मास शिवरात्री,** स.सि. दिन-रात
३०	मंगल	दि रा	मृगशिर	१८ ००	गंड	०८ ०२	०५ ४८	१९ १२	मिथुन	०२.११.४८.१६	28	स्नान,दान,श्राद्ध की आषाढ़ी अमावस्या, वंशवर्धक अमावस्या
३०	बुध	०६ ००	आर्द्रा	२१ ०५	वृद्धि	०९ ००	०५ ४८	१९ १२	मिथुन	०२.१२.४५.१०	29	स्नान,दान की अमावस्या पर्व

दि. २९/०६/२०२२ स्टे.टा. ०५/३०

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
०२	०२	११	०१	११	०१	०९	००
१२	२५	२९	२९	१३	१४	२६	२५
४५	००	५५	१८	३०	०३	२०	२७
१०	००	०५	५९	००	०४	०८	५९
५६	७४५	४८	११०	०५	७०	०२	०३
५५	३५	०५	००	०५	५९	२८	११
आ	पुनर्व	रेवती	मृग	उ.भा	रोहि	धनि	भर
मा	मा	मा	मा	मा	मा	वक्री	वक्री



॥ विक्रम पंचांग ॥

मातरं पितरं पुत्रान् बान्धवानपि चातुरः।
अप्येतानभिशंकेत वैद्ये विश्वासमेति च।।
विसृजत्यात्मनात्मानं न चैनं परिशंकते।
तस्मात्पुत्रवदेनैनं पायलेदातुरं भिषक्।।

- आचार्य सुश्रुत

विक्रम सम्वत् 2079 ''राक्षस'' नाम सम्वत्सर

कलि सम्वत् 5123 • सृष्टि आरम्भ 1955885123

राजा - शनि • मंत्री - गुरू

आषाढ़ शुक्ल पक्ष — 30 जून से 13 जुलाई 2022 तक

श्रावण कृष्ण पक्ष — 14 जुलाई से 28 जुलाई 2022 तक

	मघा २९/३९ 03 जुलाई **चतुर्थी** श्री विनायक चतुर्थी व्रत श्री द्वारिकाधीश पाटोत्सव	विशाखा ०६/३० अनुराधा २९/०० 10 जुलाई **एकादशी** देवशयनी एकादशी (दाख) चातुर्मास व्रतारंभ	**रविवार**		शत १०/४० 17 जुलाई **चतुर्थी**	रोहिणी १५/५० 24 जुलाई **एकादशी** कामदा भागवत एकादशी (गोदुग्ध)
	पू.फा. दिन/रात 04 जुलाई **पंचमी** हेरा पंचमी	ज्योष्ठा २७/१९ 11 जुलाई **द्वादशी** सौम्य प्रदोषव्रत जया पार्वती व्रत प्रारंभ	**सोमवार**		पू.भा. ०९/३० 18 जुलाई **पंचमी** श्री महाकालेश्वर सवारी	मृगशिर १८/०० 25 जुलाई **द्वादशी** सोमप्रदोष व्रत श्री महाकालेश्वर सवारी
	पू.फा. ०७/०० 05 जुलाई **षष्ठी** स्कन्द षष्ठी, कुसुम्बा षष्ठी	मूल २४/०० 12 जुलाई **त्रयोदशी चतुर्दशी**	**मंगलवार**		उ.भा. ०९/०० 19 जुलाई **षष्ठी**	आर्द्रा १२/०९ 26 जुलाई **त्रयोदशी** मास शिवरात्री व्रत
	उ.फा. ०७/३९ 06 जुलाई **सप्तमी**	पू.षा. २३/२९ 13 जुलाई **पूर्णिमा** गुरू पूर्णिमा, व्यास पूजा	**बुधवार**		रेवती १०/०० 20 जुलाई **सप्तमी** कालाष्टमी	पुनर्वसु दिन/रात 27 जुलाई **चतुर्दशी**
पुनर्वसु २३/४० 30 जून **प्रतिपदा** नवीन चन्द्रदर्शन गुप्त नवरात्र विधान प्रारंभ	हस्त ०८/०० 07 जुलाई **अष्टमी** दुर्गाष्टमी		**गुरूवार**	उ.षा. १४/०४ 14 जुलाई **प्रतिपदा**	अश्वि ११/०४ 21 जुलाई **अष्टमी**	पुनर्वसु ०६/३० 28 जुलाई **अमावस्या** स्नानदान श्राध्द की हरियाली अमावस्या
पुष्य २६/०० 01 जुलाई **द्वितीया** मनोरथ द्वितीया श्री जगदीश रथ यात्रा (पुरी)	चित्रा ०७/२९ 08 जुलाई **नवमी** भड्डली नवमी गुप्त नवरात्र विधान पूर्ण		**शुक्रवार**	श्रवण १३/०० 15 जुलाई **द्वितीया**	भरणी १२/०० 22 जुलाई **नवमी**	
